## प्रेस नोट  थाना डिडौली

दिनांक 03.05.2021

## जीत की खुशी मे ट्रैक्टर पर DJ लगाकर बजा रहा निर्वाचित प्रधान प्रत्याशी का ट्रैक्टर सीज ।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 03.05.2021 को थाना डिडौली पर सूचना मिली कि ग्राम असरफपुर फैजगंज मे ग्राम प्रधान पद पर चुना गया प्रत्याशी शौकीन अपने लडके के साथ जीत की खुशी मे अपने ट्रैक्टर से गाँव मे DJ बजा रहा है, जिस कारण वहाँ काफी भीड इक्कट्ठा हो गई है जिससे कोरोना बीमारी फैलने की सम्भावना रहती है ।

उक्त सूचना पर वरि0उ0नि0 डिडौली श्री सत्येन्द्र सिंह उच्चाधिकारीगण को सूचना देने के पश्चात मय पुलिस बल के मौके पर पहुँचे तो देखा कि शहबाजपुर वाले रास्ते पर महिन्द्रा अल्ट्रा अर्जुन ट्रैक्टर जिसपर प्रधान पद पर चुने गये प्रत्याशी शौकीन पुत्र अलीबक्श व उसका लडका कासिम निवासी ग्राम असरफपुर फैजगंज थाना डिडौली जनपद अमरोहा बैठे है और तेज आवाज मे गाने बजा रहे है, जिस कारण से वहाँ भीड इक्कट्ठा हो रही है । पुलिस द्वारा सायरन बजाकर ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया तो दोनो व्यक्ति ट्रैक्टर को स्टार्ट छोडकर वहाँ से फरार हो गये ।

उक्त प्रकरण मे ट्रैक्टर पर DJ को तेज आवाज मे बजाकर भीड इकट्ठा कर आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा कोविड-19 गाइड लाईन का पालन न करने के सम्बन्ध में थाना डिडौली पर मु0अ0स0 156/2021 धारा 188, 269, 270 भादवि बनाम शौकीन पुत्र अली बक्श व उसका लडका कासिम निवासी ग्राम असरफपुर फैजगंज थाना डिडौली जनपद अमरोहा पंजीकृत किया गया । उक्त ट्रैक्टर को धारा 207 MV Act के अन्तर्गत सीज किया गया ।

**<u>सीज वाहन:-</u>**

**1.** महिन्द्रा अल्ट्रा अर्जुन ट्रैक्टर बिना बोनट जिसपर DJ लगा है ।

**<u>पुलिस टीम:-</u>**

**1.** वरि0 उ0नि0 श्री सत्येन्द्र सिंह थाना डिडौली जनपद अमरोहा ।
**2.** का0 45 गुफरान थाना डिडौली जनपद अमरोहा ।
**3.** का0 1515 विक्रम सिंह थाना डिडौली जनपद अमरोहा ।




